HONDA

कॉर्डलेस चेन सॉ

HHC36YXB D16

ऑनर मैनुअल



मूल निर्देश

होंडा चेन सॉ अर्थात सॉ चुनने के लिए धन्यवाद। आपके सुरक्षित उपयोग के लिए, कृपया संचालन से पहले इस मैनुअल को पढ़ें और इसे सुरक्षित रखें।

प्रस्तावना

होंडा चेन सॉ खरीदने के लिए धन्यवाद।

इस ऑनर मैनुअल को संभाल कर रखें, ताकि आप इसे किसी भी समय देख सकें। यह मैनुअल इस उत्पाद का एक स्थायी हिस्सा है और अगर इसे पुन: बेचा जाता है तो यह मैनुअल उत्पाद के साथ रहना चाहिए।

इस प्रकाशन का कोई भी भाग लिखित अनुमति के बिना पुन: प्रस्तुत नहीं किया जा सकता।

हम आपके नए उत्पाद से सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने और इसे सुरक्षित रूप से संचालित करने में आपकी सहायता करना चाहते हैं।
इस मैनुअल में उत्पाद से संबंधित विधि के बारे मे सभी जानकारी है, कृपया इसे ध्यान से पढ़ें। जब आप इस मैनुअल को पढ़ेंगे तो आपको नोट/चेतावनी चिह्न से पहले महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी।
यह जानकारी आपको या दूसरों को चोट लगने और आपके उत्पाद, अन्य संपत्ति या पर्यावरण को नुकसान से बचाने में मददगार सिद्ध होगी ।

इस मैनुअल में दिखाए गए उत्पाद वास्तविक उत्पादों से भिन्न हो सकते हैं।

यदि आपको कोई समस्या आती है, अथवा इस उत्पाद के बारे में कोई प्रश्न है, तो अपने सर्विस डीलर से परामर्श करें। होंडा डीलर आपकी संतुष्टि के लिए है और आपके प्रश्नों और समस्याओं का समाधान करने में उन्हें ख़ुशी होगी।

होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड

विषय

उत्पाद परिचय 1

चेतावनी लेबल 2

सुरक्षा निर्देश 3

मुख्य विशेषताएं 7

उत्पाद असेंबली 8

बार और चेन आयल भरना 10

बैटरी पैक चार्ज करना 11

संचालन 13

दैनिक रखरखाव 16

समस्या निवारण 17

तकनीकी जानकारी 18

उत्पाद परिचय



1. रियर हैंडल
2. बैटरी पैक
3. फ्रंट हैंडल
4. चेन किकबैक ब्रेक हैंडल
5. चेन सॉ
6. गाइड चेन सॉ
7. साइड कवर नॉब
8. चेन एडजस्टमेंट नॉब
9. साइड कवर
10. लॉक-ऑफ बटन
11. स्विच ट्रिगर
12. आयल टैंक कैप
13. गाइड बार कवर

चेतावनी लेबल

चेतावनी लेबल आपको संभावित खतरों की सूचना देंगे जो नुकसान पहुंचा सकते हैं, इसलिए कृपया इसे ध्यान से पढ़ें। यदि लेबल गिर जाता है या सामग्री पढने में स्पष्ट नहीं है, तो कृपया अपने सर्विस डीलर से संपर्क करें।



चेतावनी!

ऑपरेटर मैनुअल पढ़ें

चेतावनी - चोट के जोखिम को कम करने के लिए, उपयोगकर्ता को निर्देश पुस्तिका अवश्य पढ़नी चाहिए।

उत्पाद को बारिश में या गीली जगह न रखें।

चेन सॉ के किकबैक से सावधान रहें और बार टिप के संपर्क से बचें।

चेन सॉ का उपयोग एक हाथ से न करें।

उत्पाद का उपयोग हमेशा दोनों हाथों से करें।

सिर/आँख/कान की सुरक्षा हेतु सुरक्षा उपकरण पहनें।

सिर/आँख/कान की सुरक्षा हेतु सुरक्षा उपकरण पहनें।

ऐसे विद्युत उपकरण जो अब उपयोग योग्य नहीं हैं और ख़राब हैं या उपयोग हो चुकी बैटरी पैक/बैटरियां हैं, उन्हें अलग से एकत्र कर पर्यावरण की दृष्टि से सही तरीके से उनको नष्ट किया जाना चाहिए।

सामान्य पावर टूल सुरक्षा चेतावनियाँ

इस पावर टूल के साथ दी गई सभी सुरक्षा चेतावनियाँ, निर्देश, चित्र और विशिष्टताएँ पढ़ें। *नीचे सूचीबद्ध सभी निर्देशों का पालन न करने पर बिजली का झटका, आग और /या गंभीर चोट लग सकती है।*

सभी चेतावनियों और निर्देशों को भविष्य के लिए सुरक्षित रखें।

चेतावनियों में "पावर टूल" शब्द का तात्पर्य आपके मुख्य-संचालित (तारयुक्त) पावर टूल या बैटरी-संचालित (तारहित) पावर टूल से है।

1) कार्य क्षेत्र सुरक्षा

क. **कार्य क्षेत्र को साफ और अच्छी तरह से प्रकाशित रखें।** *अव्यवस्थित या अंधेरे वाले क्षेत्र दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते हैं।*

ख. **बिस्फोटक बातावरण में बिजली के उपकरणों का उपयोग न करें, जैसे ज्वलनशील तरल पदार्थ, गैस या धूल की उपस्थिति ।** *बिजली के उपकरण चिंगारी पैदा करते हैं जो धूल या धुएं को प्रज्वलित कर सकते हैं।*

ग. **बिजली उपकरण चलाते समय बच्चों और आस-पास खड़े लोगों को दूर रखें।** *ध्यान भटकने से आप उपकरण या वर्कपीस पर नियंत्रण खो सकते हैं।*

2) बिजली से सुरक्षा

क. **पावर टूल प्लग आउटलेट से मेल खाना चाहिए। प्लग में कभी भी किसी भी तरह का बदलाव न करें। अर्थेड (ग्राउंडेड) पावर टूल्स के साथ किसी भी एडाप्टर प्लग का उपयोग न करें।** *बिना संशोधित प्लग और मेल खाने वाले आउटलेट बिजली के झटके के जोखिम को कम करेंगे।*

ख. **पाइप, रेडिएटर, रेंज और रेफ्रिजरेटर जैसी धरती से जुड़ी या ग्राउंडेड सतहों पर शारीरिक संपर्क से बचें।** *अगर आपका शरीर ज़मीन के संपर्क में है तो बिजली का झटका लगने का खतरा बढ़ जाता है।*

ग. **बिजली के उपकरणों को बारिश या गीली परिस्थितियों में न रखें।** *बिजली के उपकरणों में पानी घुसने से बिजली का झटका लगने का खतरा बढ़ जाता है।*

घ. **कॉर्ड का दुरुपयोग न करें। बिजली उपकरण को ले जाने, खींचने या अनप्लग करने के लिए कभी भी कॉर्ड का उपयोग न करें। कॉर्ड को गर्मी, तेल, तेज किनारों या हिलने वाले हिस्सों से दूर रखें।** *क्षतिग्रस्त या उलझे हुए कॉर्ड से बिजली का झटका लगने का खतरा बढ़ जाता है।*

ङ. **जब आप बाहर बिजली उपकरण चला रहे हों, तो बाहरी उपयोग के लिए उपयुक्त एक्सटेंशन कॉर्ड का उपयोग करें।** *बाहरी उपयोग के लिए उपयुक्त कॉर्ड का उपयोग करने से बिजली के झटके का खतरा कम हो जाता है।*

च. ***यदि नमी वाले स्थान पर बिजली उपकरण चलाना ज़रूरी हो जाता है, तो अवशिष्ट बिजली उपकरण (RCD) संरक्षित आपूर्ति का उपयोग करें।*** *RCD के उपयोग से बिजली के झटके का जोखिम कम हो जाता है।*

3) व्यक्तिगत सुरक्षा

क. **सतर्क रहें, ध्यान रखें कि आप क्या कर रहे हैं और बिजली उपकरण चलाते समय अपने सामान्य ज्ञान का उपयोग करें। जब आप थके हुए हों या नशे में हों तो बिजली उपकरण का उपयोग न करें।** *बिजली उपकरण चलाते समय थोड़ी सी भी असावधानी गंभीर व्यक्तिगत चोट का कारण बन सकती है।*

ख. **व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का उपयोग करें। हमेशा आंखों की रक्षा के लिए सुरक्षा चश्मे पहनें।** *उचित परिस्थितियों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले धूल मास्क, नॉन-स्किड सेफ्टी शूज़, हार्ड हैट या श्रवण सुरक्षा जैसे सुरक्षात्मक उपकरण व्यक्तिगत चोटों को कम करेंगे।*

ग. **अनजाने में उपकरण को स्टार्ट करने से बचें। पावर सोर्स और/या बैटरी पैक से कनेक्ट करने, टूल उठाने या ले जाने से पहले सुनिश्चित करें कि स्विच ऑफ-पोजिशन में है।** *स्विच पर अपनी उंगली रखकर पावर टूल ले जाना या स्विच ऑन होने पर पावर टूल को चालू करना दुर्घटना का कारण बन सकता है।*

घ. **पावर टूल चालू करने से पहले एडजस्टिंग की या रिंच को हटा दें।** *पावर टूल के घूमते हुए हिस्से में लगी हुई रिंच या चाबी से व्यक्तिगत चोट लग सकती है।*

ङ. **ज़्यादा आगे न बढ़ें। हर समय सही स्थिति और संतुलन बनाए रखें।** *इससे अप्रत्याशित परिस्थितियों में पावर टूल पर बेहतर नियंत्रण संभव हो पाता है।*

च. **कपड़े ठीक से पहनें। ढीले कपड़े या आभूषण न पहनें। अपने बालों और कपड़ों को हिलने-डुलने वाले हिस्सों से दूर रखें।** *ढीले कपड़े, आभूषण या लंबे बाल हिलने-डुलने वाले हिस्सों में फंस सकते हैं।*

छ. **यदि धूल निष्कर्षण और संग्रह सुविधाओं के कनेक्शन के लिए उपकरण प्रदान किए गए हैं, तो सुनिश्चित करें कि ये जुड़े हुए हैं और उनका उचित तरीके से उपयोग किया जाता है।** *धूल संग्रह का उपयोग धूल से संबंधित खतरों को कम कर सकता है।*

सुरक्षा निर्देश

ज. **औजारों के लगातार इस्तेमाल से प्राप्त अनुभव के कारण कहीं आप लापरवाह होकर औजारों की सुरक्षा के सिद्धांतों को नज़रअंदाज़ न करें।** *ज़रा सी लापरवाही से कुछ ही सेकंड में गंभीर चोट लग सकती है।*

4) बिजली उपकरण का उपयोग और देखभाल

क. **पावर टूल पर ज़ोर न डालें। अपने काम के लिए सही पावर टूल का इस्तेमाल करें।** *सही पावर टूल बेहतर और सुरक्षित तरीके से कार्य करेगा, जिस काम के लिए इसे डिज़ाइन किया गया है।*

ख. **यदि स्विच, पावर टूल को चालू या बंद नहीं करता है तो उसका इस्तेमाल न करें।** *कोई भी पावर टूल जिसे स्विच से नियंत्रित नहीं किया जा सकता है, वह खतरनाक है और उसकी मरम्मत करवाना ज़रूरी है।*

ग. **कोई भी एडजस्टमेंट करने, सहायक उपकरण बदलने या बिजली उपकरण को स्टोर करने से पहले प्लग को बिजली स्रोत से डिस्कनेक्ट करें और/या बैटरी पैक को हटा दें।** *ऐसे निवारक सुरक्षा उपाय बिजली उपकरण को गलती से चालू करने के जोखिम को कम करते हैं।*

घ. **बेकार पड़े बिजली के उपकरणों को बच्चों की पहुँच से दूर रखें और बिजली के उपकरण या इन निर्देशों से अपरिचित लोगों को बिजली के उपकरण चलाने की अनुमति न दें।** *अप्रशिक्षित उपयोगकर्ताओं के हाथों में बिजली के उपकरण खतरनाक होते हैं।*

ङ. **बिजली के उपकरणों और सहायक उपकरणों की समय पर मरम्मत करवाएं। चलते हुए पुर्जों के गलत संरेखण या बंधन, पुर्जों के टूटने और किसी भी अन्य स्थिति की जाँच करें जो बिजली के उपकरण के संचालन को प्रभावित कर सकती है। यदि क्षतिग्रस्त हो, तो उपयोग करने से पहले बिजली के उपकरण की मरम्मत करवा लें।** *कई दुर्घटनाएँ खराब रखरखाव वाले बिजली उपकरणों के कारण होती हैं।*

च. **काटने के औजारों को तेज और साफ रखें।** *उचित रूप से रख-रखाव किए गए धारदार कटाई टूल के फंसने की संभावना कम होती है और उन्हें नियंत्रित करना आसान होता है।*

छ. **पावर टूल, सहायक उपकरण और टूल बिट्स आदि का उपयोग इन निर्देशों के अनुसार करें, काम करने की स्थितियों और किए जाने वाले काम को ध्यान में रखें।** *इच्छित कार्यों से अलग कार्यों के लिए पावर टूल का उपयोग खतरनाक स्थिति पैदा कर सकता है।*

ज. **हैंडल और पकड़ने वाली सतहों को सूखा, साफ, तेल और ग्रीस से मुक्त रखें।** *फिसलन वाले हैंडल और पकड़ने वाली सतहें अप्रत्याशित स्थितियों में उपकरण को ठीक ढंग से संभालने और नियंत्रित करने में मुश्किल होती है।*

5) बैटरी उपकरण का उपयोग और देखभाल

क. **केवल निर्माता द्वारा निर्दिष्ट चार्जर से ही रिचार्ज करें।** *एक चार्जर जो किसी ख़ास तरह के बैटरी पैक के लिए उपयुक्त है, दूसरे बैटरी पैक के साथ उपयोग करने पर आग लगने का खतरा पैदा कर सकता है।*

ख. **बिजली उपकरणों का उपयोग केवल विशेष रूप से निर्दिष्ट बैटरी पैक के साथ करें।** *किसी अन्य बैटरी पैक के उपयोग से चोट लगने और आग लगने का खतरा हो सकता है।*

ग. **जब बैटरी पैक इस्तेमाल में न हो, तो उसे धातु से बनी अन्य वस्तुओं से दूर रखें, जैसे पेपर क्लिप, सिक्के, चाबियाँ, कीलें, पेंच या अन्य छोटी धातु की वस्तुएँ, जो एक टर्मिनल से दूसरे टर्मिनल को जोड़ सकती हैं।** *बैटरी टर्मिनलों को आपस में शॉर्ट करने से जलन या आग लग सकती है।*

घ. **खराब परिस्थितियों में, बैटरी से तरल पदार्थ बाहर निकल सकता है; इसके संपर्क से बचें। अगर गलती से संपर्क हो जाए, तो पानी से धो लें। अगर तरल पदार्थ आँखों में चला जाए, तो डॉक्टर से भी मदद लें।** *बैटरी से निकलने वाला तरल पदार्थ जलन पैदा कर सकता है।*

ङ. **क्षतिग्रस्त या संशोधित बैटरी पैक या उपकरण का उपयोग न करें।** *क्षतिग्रस्त या संशोधित बैटरियाँ अप्रत्याशित प्रदर्शन कर सकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप आग लग सकती है, विस्फोट हो सकता है या चोट लगने का जोखिम हो सकता है।*

च. **बैटरी पैक या उपकरण को आग या अत्यधिक तापमान के संपर्क में न आने दें।** *आग या 130 °C से अधिक तापमान के संपर्क में आने से विस्फोट हो सकता है।*

छ. **सभी चार्जिंग निर्देशों का पालन करें और बैटरी पैक या उपकरण को निर्देशों में निर्दिष्ट तापमान सीमा से बाहर चार्ज न करें।** *अनुचित तरीके से या निर्दिष्ट सीमा से बाहर के तापमान पर चार्ज करने से बैटरी को नुकसान हो सकता है और आग लगने का खतरा बढ़ सकता है।*

6) सर्विस

क. **अपने पावर टूल की सर्विस किसी योग्य मैकेनिक से करवाएँ और केवल समान प्रतिस्थापन पुर्जों का ही उपयोग करें।** *इससे यह सुनिश्चित होगा कि पावर टूल की सुरक्षा बनी रहे।*

ख. **क्षतिग्रस्त बैटरी पैक की सर्विस कभी न करें।** *बैटरी पैक की सर्विस केवल निर्माता या अधिकृत सेवा प्रदाताओं द्वारा ही की जानी चाहिए।*

चेन सॉ के लिए सुरक्षा निर्देश

क. **चेन सॉ चलाते समय शरीर के सभी अंगों को इससे दूर रखें। चेन सॉ चलाने से पहले सुनिश्चित करें कि यह किसी भी चीज़ के संपर्क में न आ रही हो।** *इसे चलाते समय थोड़ी सी लापरवाही के कारण आपके कपड़े चेन सॉ से उलझ सकते हैं या शरीर को चोट लग सकती है।*

ख. **चेन सॉ को हमेशा अपने दाहिने हाथ से पीछे के हैंडल पर और अपने बाएं हाथ से आगे के हैंडल पर पकड़ें।** *चेन सॉ को उल्टे हाथ से पकड़ने से व्यक्तिगत चोट लगने का जोखिम बढ़ जाता है और ऐसा कभी नहीं करना चाहिए।*

ग. **चेन सॉ को केवल इंसुलेटेड ग्रिपिंग सतहों से ही पकड़ें, क्योंकि यह छिपी हुई वायरिंग से संपर्क कर सकती है।** *चेन सॉ के "लाइव" वायर से संपर्क करने से चेन सॉ के खुले धातु वाले हिस्से "लाइव" हो सकते हैं और ऑपरेटर को बिजली का झटका लग सकता है।*

घ. **आंखों की सुरक्षा के लिए सुरक्षात्मक उपकरण पहनें। इसके लिये सुनने, सिर, हाथ, टांगों और पैरों के लिए अतिरिक्त सुरक्षात्मक उपकरण की सिफारिश की जाती है।** *पर्याप्त सुरक्षात्मक उपकरण से उड़ने वाले मलबे या सॉ की चेन के साथ आकस्मिक संपर्क से व्यक्तिगत चोट का खतरा कम हो जाता है ।*

ङ. **चेन सॉ को पेड़ पर, सीढ़ी पर, छत पर या कोई अस्थिर सहारा लेकर न चलाएं।** *ऐसा करने से गंभीर व्यक्तिगत चोट लग सकती है।*

च. **हमेशा सही जगह पर खड़े होकर चेन सॉ का इस्तेमाल करें और स्थिर, सुरक्षित व समतल सतह पर खड़े होकर ही चेन सॉ का इस्तेमाल करें।** *सीढ़ियों जैसी फिसलन भरी या अस्थिर सतह पर चेन सॉ का संतुलन या नियंत्रण खो सकता है।*

छ. **तनाव में रहने वाले किसी अंश को काटते समय स्प्रिंग बैक का विशेष ध्यान रखें ।** *जब लकड़ी के रेशों में तनाव कम होता है तो स्प्रिंग लोडेड अंग ऑपरेटर को चोट पहुंचा सकता है और /या चेन सॉ को नियंत्रण से बाहर कर सकता है।*

ज. **झाड़ियाँ और पौधे काटते समय अत्यधिक सावधानी बरतें।** *पतली सामग्री सॉ की चेन को पकड़ सकती है और आपकी ओर खिंच सकती है या आपका संतुलन बिगाड़ सकती है।*

झ. **चेन सॉ को सामने के हैंडल से पकड़ें और इसे बंद करके अपने शरीर से दूर रखें। चेन सॉ को ले जाते या स्टोर करते समय हमेशा गाइड बार कवर फिट करें।** *चेन सॉ का सही तरीके से रखरखाव करने से चलती हुई चेन सॉ से अकस्मात् संपर्क की संभावना कम हो जाएगी।*

ट. **लुब्रिकेटिंग, चेन टेंशनिंग और बार तथा चेन बदलने के लिए निर्देशों का पालन करें।** *अनुचित तरीके से टेंशन या लुब्रिकेट की गई चेन या तो टूट सकती है या किकबैक की संभावना बढ़ा सकती है।*

ठ. **केवल लकड़ी काटें। चेन सॉ का उपयोग उन उद्देश्यों के लिए न करें जो इच्छित नहीं हैं। उदाहरण के लिए: धातु, प्लास्टिक, चिनाई या गैर-लकड़ी निर्माण सामग्री को काटने के लिए चेन सॉ का उपयोग न करें।** *इच्छित कार्यों के अलावा अन्य कार्यों के लिए चेन सॉ का उपयोग खतरनाक स्थिति पैदा कर सकता है।*

ड. **जब तक आपको जोखिम और उनसे बचने के तरीके की समझ न हो, तब तक पेड़ को गिराने का प्रयास न करें।** *ग्रेड गिराते समय ऑपरेटर या आसपास खड़े लोगों को गंभीर चोट लग सकती है।*

सामान्य चेन सॉ के लिए सुरक्षा चेतावनियाँ

क. **जाम सामग्री को साफ करते समय, चेन सॉ को स्टोर करते समय या उसकी सर्विस करते समय सभी निर्देशों का पालन करें। सुनिश्चित करें कि स्विच बंद है और बैटरी पैक हटा दिया गया है।** *जाम सामग्री को साफ करते समय या सर्विस करते समय चेन सॉ के अप्रत्याशित रूप से चालू होने से गंभीर व्यक्तिगत चोट लग सकती है।*

किकबैक के कारण और ऑपरेटर द्वारा रोकथाम

किकबैक तब हो सकता है जब गाइड बार का अगला सिरा या नोक किसी वस्तु को छूती है, या जब लकड़ी पास आती है और कट में सॉ की चेन को दबाती है।

कुछ मामलों में टिप संपर्क के कारण अचानक विपरीत प्रतिक्रिया हो सकती है, जिससे गाइड बार ऑपरेटर के ऊपर और पीछे की ओर आ सकता है।

गाइड बार के ऊपरी किनारे पर सॉ की चेन पर दबाव डालने से गाइड बार तेजी से ऑपरेटर की ओर पीछे की ओर धकेला जा सकता है।

इनमें से किसी भी प्रतिक्रिया के कारण आप सॉ पर नियंत्रण खो सकते हैं, जिससे गंभीर व्यक्तिगत चोट लग सकती है।

अपनी सॉ में निर्मित सुरक्षा उपकरणों पर पूरी तरह से निर्भर न रहें।

चेन सॉ उपयोगकर्ता के रूप में, आपको अपने काटने के कार्य को दुर्घटना या चोट से मुक्त रखने के लिए कई कदम उठाने चाहिए।

सुरक्षा निर्देश

किकबैक चेन सॉ के दुरुपयोग और/या गलत संचालन प्रक्रियाओं या स्थितियों का परिणाम है और नीचे दी गई उचित सावधानियां बरतकर इससे बचा जा सकता है:

- **चेन सॉ के हैंडल को अंगूठे और उंगलियों से मजबूती से पकड़ें, दोनों हाथों को सॉ पर रखें और अपने शरीर और हाथ को इस तरह रखें कि आप किकबैक का सामना कर सकें। यदि उचित सावधानी बरती जाए तो किकबैक को ऑपरेटर द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है।** *चेन सॉ को न छोड़ें।*
- **ज़्यादा न काटें और कंधे की ऊँचाई से ऊपर न काटें।** *इससे अनपेक्षित टिप संपर्क को रोकने में मदद मिलती है और अप्रत्याशित स्थितियों में चेन सॉ पर बेहतर नियंत्रण संभव होता है।*
- **केवल निर्माता द्वारा निर्दिष्ट असली बार और चेन का उपयोग करें।** *गलत किस्म की बार और चेन से चेन टूट सकती है और /या किकबैक हो सकता है।*
- **सॉ चेन के लिए निर्माता के शार्पनिंग और रखरखाव निर्देशों का पालन करें।** *डेप्थ गेज की ऊंचाई कम करने से किकबैक बढ़ सकता है।*

मॉडल	HHC36YXB D16
रेटेड वोल्टेज	36V DC
रेटेड पावर	600 W
चेन स्पीड	13.5 मिनट/सेकेण्ड
काटने की क्षमता	406 मिमी
तेल टैंक	120 मिली
गाइड बार की लंबाई	455 मिमी
साँ चेन प्रकार	प्रकार/मॉडल संख्या . : 3/8LP.050.56E 91NP
गाइड बार प्रकार	प्रकार/मॉडल संख्या . : ES160SDEA041
परिचालन प्रकार	दो हाथों वाला
संपूर्ण आकार	(796~819)×214×198 मिमी
वजन (केवल उपकरण)	3.4 किग्रा

उपयुक्त बैटरी पैक	DP3650XYD
उपयुक्त चार्जर	CV3660XY
अनुशंसित चार्ज तापमान	0℃ - 40℃
अनुशंसित डिस्चार्ज तापमान	-17℃ - 70℃

चार्जर मॉडल	टाईप	बिक्री का स्थान	प्लग का प्रकार
CV3660XY	DC	D: सामान्य क्षेत्र	C टाईप
	DO2	D: सामान्य क्षेत्र	O2 टाईप
	DB3	D: सामान्य क्षेत्र	B3 टाईप
	DA	D: सामान्य क्षेत्र	A टाईप
	NM	N: दक्षिण अफ्रीका	M टाईप
	LG	L: मध्य पूर्व	G टाईप

उत्पाद असेंबली

आरा चेन और गाइड बार फिट करना

चेतावनी!
व्यक्तिगत चोटों से बचने के लिए फिट करते समय सुरक्षात्मक दस्ताने पहनने की सिफारिश की जाती है।

1. साइड कवर हटाने के लिए साइड कवर नॉब को घडी की सूईं की दिशा में घुमाएं और फिर चेन एडजस्ट करने के लिए एडजस्टमेंट नॉब को नीचे घुमाकर चेन को जितना संभव हो उतना ढीला करें।

चेतावनी!
यदि मशीन का उपयोग किया गया है, तो कृपया अगले चरण की असेंबली सटीकता सुनिश्चित करने के लिए साइड कवर पर अवशिष्ट लकड़ी के चिप्स और मलबे को समय पर साफ करें: गाइड बार और चेन फिट करना।

चित्र.1



2. चेन सॉ को समतल सतह पर लूप में रखें और किसी भी मोड़ को सीधा करें।
3. चेन सॉ को गाइड बार के खांचे में रखें और चेन को गाइड बार के पीछे एक लूप बनाएं। चित्र 2 में दिखाए गए रोटेशन चिन्ह के साथ सॉ चेन की तुलना करके सुनिश्चित करें कि सॉ चेन सही दिशा में चल रही है।
4. गाइड बार पर चेन फिट करने के बाद, गाइड बार को चेन के साथ लंबवत रखें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि गाइड बार का एक छोर शीर्ष पर है, और यह जांचने के लिए कि क्या फिसलन सुचारू है, दस्ताने पहनकर हाथ से चेन को चारों ओर खींचें।

चित्र.2



चेतावनी!
प्रत्येक उपयोग से पहले ऊपर बताए अनुसार गाइड बार और चेन की जांच करना अच्छा माना गया है। यदि फिसलन सुचारू नहीं है, तो गाइड बार और चेन को बदलना या मरम्मत करना ज़रूरी हो जाता है।

5. चेन को गाइड बार पर पकड़कर लूप को स्प्रोकेट के चारों ओर रखें।
6. गाइड बार स्लॉट को संरेखण फ्लैंजों पर तब तक खिसकाते रहे जब तक कि तनाव एडजस्टमेंट पिन बार के अंत बनाये गए छेद में न डाल दिया जाए।

चित्र.3



7. साइड कवर लगाएँ और चेन एडजस्टमेंट नॉब को थोड़ा ऊपर घुमाएँ ताकि सॉ चेन और गाइड बार ठीक से कसे जा सके। इसके बाद साइड कवर लगाकर साइड कवर नॉब को थोड़ा कस लें।

चित्र.4



8. गाइड बार की नोक को ऊपर उठाकर ढीलापन जाँचें। गाइड बार की नोक को छोड़ने के बाद चेन एडजस्टमेंट नॉब को ऊपर की ओर घुमाएँ। इस प्रक्रिया को तब तक दोहराएँ जब तक ढीलापन समाप्त न हो जाए।
9. उपयोग करने से पहले यह सुनिश्चित करने के लिए कि सॉ चेन में उपयुक्त तनाव है, साइड कवर नॉब को अच्छी तरह से कस लें।

चेतावनी!
गाइड बार की जीवन अवधि बढ़ाने के लिए, गाइड बार को कभी-कभी उल्टा कर दें।

चेन तनाव एडजस्ट करना

चेन टेंशन को एडजस्ट करने से पहले मोटर बंद करें और उत्पाद को बिजली की आपूर्ति से डिस्कनेक्ट करें। सुनिश्चित करें कि साइड कवर नॉब ढीला हो। चेन एडजस्टमेंट नॉब को तब तक घुमाएँ जब तक चेन उपयुक्त स्थिति में न आ जाए। एडजस्टमेंट के बाद साइड कवर नॉब को कस लें। अधिक जानकारी के लिए "चेन सॉ और गाइड बार फिट करना" खंड देखें।
सामान्य सॉ संचालन के दौरान, चेन का तापमान बढ़ जाएगा। सही तनाव वाली चेन में कोई झुकाव नहीं होना चाहिए। सही ढंग से तनाव वाली चेन के ड्राइव लिंक को बार ग्रूव से लगभग 2~4 मिमी बाहर खींचने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए।

चित्र.5



चित्र.6



बैटरी पैक फिट करना

बैटरी पैक में खांचे को बैटरी कम्पार्टमेंट में उभरी रिब्स की सीध में लाकर बैटरी पैक को कम्पार्टमेंट में तब तक डालें जब तक कि आपको "क्लिक" की आवाज न सुनाई दे।

उत्पाद असेंबली

चित्र.7



बार और चेन आयल भरना

चेतावनी!
तेल टैंक को बार और चेन ऑयल से भरते समय फ़िल्टर का उपयोग करें, क्योंकि इससे उत्पाद के प्रदर्शन पर स्नेहक में अवशेषों के कारण होने वाले प्रभाव का जोखिम कम हो जाएगा। तेल रिसाव से बचने के लिए, अधिकतम तेल का स्तर तेल टैंक के मुहं से 3 मिमी नीचे रहना चाहिए। तेल भरने के बाद उत्पाद को 15 डिग्री से अधिक के कोण पर बाईं ओर नहीं झुकाया जाना चाहिए।

चेतावनी!
अपशिष्ट तेल का उपयोग न करें क्योंकि इससे तेल पंप, गाइड बार और चेन सॉ को नुकसान हो सकता है। चेन को नुकसान पहुंचने से गंभीर व्यक्तिगत चोट लग सकती है।

चित्र.8



चित्र.9



1. चेन सॉ को ठोस, सपाट सतह पर इस प्रकार रखें कि टैंक का ढक्कन ऊपर की ओर हो।
2. तेल टैंक के ढक्कन और उसके आस-पास के क्षेत्र को साफ करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि तेल टैंक में कोई गंदगी न गिरे। इसे हटाने के लिए तेल टैंक के ढक्कन को वामावर्त घुमाएँ।
3. बार और चेन ऑयल को सावधानी से टैंक में डालें। अगर उत्पाद का लंबे समय से इस्तेमाल नहीं किया गया है, तो नया तेल भरने से पहले बचा हुआ सारा तेल निकाल दें। निकाले गए तेल को रखने के लिए विशेष कंटेनर का इस्तेमाल करें और इसे रीसाइकिलिंग और निपटान के लिए अधिकृत संस्थान को सौंप दें।
4. तेल टैंक का ढक्कन वापस लगाएँ और उसे दक्षिणावर्त घुमाते हुए कस दें। टैंक के आस-पास बचे हुए तेल को साफ कपड़े से पोंछ लें।

बार और चेन तेल: 32 # एंटी-वेयर हाइड्रोलिक तेल

बैटरी पैक को कैसे चार्ज करें?

1. लिथियम-आयन बैटरी पैक को केवल सही चार्जर से ही चार्ज करें।
2. चार्जर को पावर सप्लाई से कनेक्ट करें। चार्जर पर एलईडी इंडिकेटर लाल हो जाएगा।
3. बैटरी पैक की उभरी हुई रिब्स को चार्जर के स्लॉट की सीध में रखें ।
4. बैटरी पैक को चार्जर में डालें: चार्जर पर लगा एलईडी इंडिकेटर हरा हो जाएगा और चमकने लगेगा।
5. चार्जर बैटरी पैक की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए बैटरी पैक से जुड़ जाएगा।
6. बैटरी पैक पूरी तरह से चार्ज हो जाता है जब चारों LED पूरी तरह ने जलने लगती हैं। चार्जर से बिजली की आपूर्ति डिस्कनेक्ट करें। चार्जर से बैटरी पैक हटा दें।

चित्र.10



लाइट	प्रकाश संकेतक	स्थिति
एक लाल बत्ती जल रही है		पावर ऑन
एक हरी बत्ती चमक रही है		सामान्य चार्जिंग
एक हरी बत्ती जलेगी		चार्ज हो गया है
एक लाल बत्ती 1Hz की आवृत्ति पर चमकती है		बैटरी का असामान्य वोल्टेज
लाल प्रकाश और हरा प्रकाश 1 हट्र्ज की आवृत्ति पर बारी-बारी से चमकते हैं		बैटरी का असामान्य तापमान

चार्जिंग सूचक

बैटरी पैक स्थापित करने से पहले वर्तमान चार्ज स्तर की जांच करने के लिए बैटरी पैक पर क्षमता सूचक बटन दबाएं, जिसके बाद सूचक की लाइट जल जाएगी।

बैटरी पैक चार्ज करना

चित्र.11

इंडिकेटर		स्थिति
पूरी तरह चार्ज	बंद	
■	□	
■■■■		75% - 100%
■■■□		50% - 75%
■■□□		25% - 50%
■□□□		5% - 25%
□□□□		चार्ज करने की जरूरत है

यदि एक से अधिक संकेतक चालू हैं, तो बैटरी पैक को वास्तविक स्थिति के अनुसार चार्ज किया जा सकता है। यदि कोई भी संकेतक चालू नहीं है, तो उपयोग से पहले बैटरी पैक को पूरी तरह से चार्ज किया जाना चाहिए।

टिप्पणी!
बैटरी का जीवनकाल बढ़ाने के लिए, बैटरी पैक को उपकरण से अलग 50% चार्ज अवस्था में रखें।

टिप्पणी!
बेटरी पैक 0°C से 40°C तापमान के बीच चार्ज करें।

1. किकबैक ब्रेक हैंडल की स्थिति की जाँच करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह ऑपरेशन स्थिति में लगा हुआ है। यदि नहीं, तो इसे सामने वाले हैंडल की ओर खींचें।
2. आगे और पीछे के हैंडल को मजबूती से पकड़ने के लिए दोनों हाथों का उपयोग करें।
3. अपने दाहिने हाथ के अंगूठे से लॉक-ऑफ बटन को दबाकर रखें, और फिर चेन सॉ को चालू करने के लिए अपने दाहिने हाथ की अन्य उंगलियों से स्विच ट्रिगर को दबाएं।
4. लॉक-ऑफ बटन को रिलीज़ कर दें और ऑपरेशन जारी रखने के लिए ट्रिगर को दबाते रहें।
5. उत्पाद को रोकने के लिए, ट्रिगर रिलीज़ कर दें । किकबैक ब्रेक हैंडल को ब्रेक स्थिति में आगे की ओर धकेलें।

चेतावनी!
यदि आप पहले स्विच ट्रिगर को दबाते हैं और फिर चेन सॉ चलाने के लिए किकबैक ब्रेक को पीछे खींचते हैं, तो उत्पाद चालू नहीं होगा। उत्पाद तभी चालू होगा जब किकबैक ब्रेक को रीसेट किया जाएगा और लॉक-ऑफ बटन व स्विच ट्रिगर दोनों को एक साथ दबाया जाएगा।

चित्र.12



चेतावनी!
ट्रिगर दबाते समय या चेन सॉ चलाते समय बैटरी फिट न करें और न ही निकालें।

6. इस चेन सॉ में ओवरलोड प्रोटेक्शन फंक्शन है। काटने की प्रक्रिया के दौरान, अत्यधिक बल या कठोर वस्तुओं से टकराने के कारण चेन सॉ अचानक रुक सकती है। इस स्थिति में, चेन सॉ को फिर से चालू करने के लिए स्विच ट्रिगर को दबाएँ।
7. तेल रिसाव से बचने के लिए, संचालन के दौरान तेल टैंक का ढक्कन सीधा नीचे की ओर नहीं होना चाहिए।

उचित तकनीकों से संबंधित निर्देश

चेतावनी!
चेन सॉ को कभी भी तब चालू न करें जब वह लकड़ी के संपर्क में हो। लकड़ी पर सॉ लगाने से पहले चेन सॉ को हमेशा पूरी गति से चलने दें। यह अनुशंसा की जाती है कि पहली बार उपयोग करने वाले को कम से कम सॉ–हॉर्स या काठी पर लकड़ियाँ काटने का अभ्यास करना चाहिए।

पेड़ काटना

1. जब एक ही समय में दो या अधिक व्यक्तियों द्वारा बक्किंग और फ़ेलिंग ऑपरेशन किए जा रहे हों, तो फ़ेलिंग ऑपरेशन को बक्किंग ऑपरेशन से कम से कम काटे जा रहे पेड़ की ऊंचाई से दोगुनी दूरी पर अलग किया जाना चाहिए। पेड़ों को इस तरह से नहीं गिराया जाना चाहिए जिससे किसी व्यक्ति को खतरा हो, या वह किसी यूटिलिटी लाइन से टकराए अथवा उससे किसी संपत्ति को नुकसान हो। अगर पेड़ किसी यूटिलिटी लाइन से टकराता है, तो कंपनी को तुरंत सूचित किया जाना चाहिए।
2. उत्पाद ऑपरेटर को ढलान के ऊपर की ओर ही रहना चाहिए, क्योंकि पेड़ के गिरने के बाद उसके लुढ़कने या नीचे की ओर खिसकने की संभावना रहती है।
3. कटाई शुरू करने से पहले बचाव मार्ग की योजना बनाई जानी चाहिए और आवश्यकतानुसार उसे साफ किया जाना चाहिए। बचाव मार्ग को पेड़ के गिरने की अपेक्षित रेखा के पीछे और तिरछे तरीके से विस्तारित किया जाना चाहिए।

चित्र.13



4. पेड़ को गिराने का काम शुरू करने से पहले, पेड़ के प्राकृतिक झुकाव, बड़ी शाखाओं के स्थान और हवा की दिशा पर विचार करना चाहिए ताकि यह अनुमान लगाया जा सके कि पेड़ किस दिशा में गिरेगा।
5. पेड़ से गंदगी, पत्थर, ढीली छाल, कीलें, स्टेपल और तार हटा दें।

नोचिंग अंडरकट और फेलिंग बैक कट

पेड़ के व्यास का 1/3 भाग, उसके गिरने की दिशा के लंबवत पायदान (B) की सीध में रखें । सबसे पहले निचले क्षैतिज हिस्से को काटें। इससे दूसरा हिस्सा बनाते समय सॉ चेन या गाइड बार को पिंच होने से बचाने में मदद मिलेगी।
फ़ेलिंग बैक कट (A) को क्षैतिज नोचिंग कट से कम से कम 50 मिमी ऊपर बनाएँ। फ़ेलिंग बैक कट को क्षैतिज नोचिंग कट के समानांतर रखें। फ़ेलिंग बैक कट इस तरह बनाएँ कि कॉंटे के रूप में काम करने के लिए पर्याप्त लकड़ी बची रहे। कॉंटे (C) की लकड़ी पेड़ को मुड़ने और गलत दिशा में गिरने से बचाती है। कॉंटे के माध्यम से न काटें।
जैसे ही फेलिंग हिंज के पास पहुँचता है, पेड़ गिरना शुरू हो जाना चाहिए। यदि ऐसा नहीं है, तो पेड़ वांछित दिशा में नहीं गिर सकता है या यह पीछे की ओर झुक सकता है और सॉ चेन को बांध सकता है, तो कटाई पूरी होने से पहले ही फेलिंग बंद कर दें और कट को खोलने के लिए लकड़ी, प्लास्टिक या एल्युमिनियम की पत्तियों का उपयोग करें और पेड़ को जिस दिशा में गिराना है, गिरा दें।
जब पेड़ गिरना शुरू हो जाए तो कट से उत्पाद को हटा दें, स्विच बंद कर दें और उत्पाद को नीचे रख दें, इसके बाद निर्धारित वापसी पथ का उपयोग करें। ऊपर से गिरने वाली शाखाओं से सावधान सतर्क रहें और अपने कदमों पर ध्यान दें।

चित्र.14



पेड़ की टहनियाँ काटना

गिरे हुए पेड़ से शाखाएँ हटाने को लिम्बिंग कहते हैं । जब शाखाएँ हटाई जाती हैं तो लकड़ी के गट्ठे को ज़मीन से ऊपर रखने के लिए बड़ी निचली शाखाएँ छोड़ी जाती हैं। छोटी शाखाओं को एक बार में ही हटा दें। तनाव में आने वाली शाखाओं को नीचे से ऊपर की ओर काटना चाहिए ताकि चेन सॉ से न उलझें।

चित्र.15



लकड़ी के गट्ठे को हटाना

1. आसान कटाई के लिए सरल निर्देशों का पालन करें। जब लकड़ी के गट्ठे को उसकी पूरी लंबाई के साथ सहारा दिया जाता है, तो उसे ऊपर से काटा जाता है (ओवरबक)।

चित्र.16



2. जब लकड़ी का गट्ठा एक छोर पर टिका हो, तो नीचे की तरफ से 1/3 व्यास काटें (अंडरबक)। फिर पहले कट से मिलने के लिए ओवरबकिंग करके अंतिम कट बनाएं।

चित्र.17



3. जब लकड़ी का गट्ठा दोनों सिरों पर टिका हो, तो ऊपर से 1/3 व्यास काटें (ओवरबक)। फिर पहले कट से मिलने के लिए निचले 2/3 हिस्से को अंडरबक करके अंतिम कट बनाएं।

चित्र.18



4. ढलान पर बक्किंग करते समय हमेशा लकड़ी के गट्ठे के ऊपर की ओर खड़े रहें। "काटते समय", पूर्ण नियंत्रण बनाए रखने के लिए उत्पाद के हैंडल पर अपनी पकड़ ढीला किए बिना कट के अंत के पास कटाई प्रेशर रिलीज़ कर दें । चेन को ज़मीन से न छूने दें। कट पूरा करने के बाद, उत्पाद को हिलाने से पहले सॉ चेन के रुकने का इंतज़ार करें। एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर जाने से पहले हमेशा उत्पाद को बंद कर दें।

चित्र.19



दैनिक रखरखाव

चेतावनी!
रखरखाव से पहले बैटरी पैक हटाकर बाहर निकाल दें! इस उत्पाद का नियमित और सावधानीपूर्वक रखरखाव करें! यदि उत्पाद का रखरखाव ठीक से नहीं किया जाता है, तो यह अपने इच्छित कार्य में विफल हो सकता है, जिसके घातक परिणाम हो सकते हैं।

निम्नलिखित सुझाव इस उत्पाद के उपयोग की सुरक्षा बढ़ाने तथा इसकी सेवा अवधि बढ़ाने में मदद करते हैं:

- पुष्टि करें कि बैटरी, चार्जर प्लग और पावर कॉर्ड क्षतिग्रस्त नहीं है।
- मोटर वेंट के ऊपर बाहरी पदार्थों जमा न होने पाएं।
- यदि आपको उत्पाद की शक्ति में कमी महसूस हो तो कृपया उत्पाद की मरम्मत के लिए अपने सर्विस डीलर से संपर्क करें।
- संचालन से पहले सुनिश्चित करें कि टैंक में पर्याप्त तेल है, तेल की आपूर्ति सामान्य रूप से की जाती है, किकबैक ब्रेक प्रणाली प्रभावी ढंग से काम कर रही है और चेन पैनी है।
- जब-जब मशीन का उपयोग किया जाए उसके बाद यह जांच करना ज़रूरी है कि हर हिस्से के स्क्रू और नट सुरक्षित रूप से लगे हुए हैं, और ढीले, विकृत, घिसे हुए या क्षतिग्रस्त नहीं हैं। अगर हैं तो कृपया उन्हें तुरंत बदल दें।
- उपयोग के बाद उत्पाद को साफ़ रखें।
- चेन के पैनेपन की नियमित जांच करें। यह अनुशंसा की जाती है कि चेन को तकनीशियन द्वारा बदल दिया जाना चाहिए या पॉलिश किया जाना चाहिए।
- बेहतरीन कार्य प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से चेन में तेल डालें।
- यदि कुछ समय तक उपयोग न हो तो कृपया तेल रिसाव को रोकने के लिए उत्पाद को क्षैतिज रूप से संग्रहित करें तथा आकस्मिक चोट के जोखिम को कम करने के लिए गाइड बार कवर फिट कर दें।
- चार्जर और बैटरी पैक को सामान्य तापमान पर रखें। भंडारण तापमान 0°C और 45°C के बीच है। इसे अत्यधिक गर्मी में न रखें और बैटरी पैक को उपकरण पर न रखें।

टिप्पणी:
उत्पाद चलते समय उसे एडजस्ट न करें।
टिप्पणी:
सफाई और दैनिक रखरखाव से पहले मुख्य विद्युत आपूर्ति काट दी जानी चाहिए और उत्पाद को ठंडा होने के लिए रोक दिया जाना चाहिए।
टिप्पणी:
कृपया इस उत्पाद की मरम्मत और वास्तविक होंडा सामान का उपयोग करने के लिए अपने सर्विस डीलर से संपर्क करें।

समस्या निवारण

समस्या	संभावित कारण	समाधान
मोटर नहीं चलती	बैटरी पैक पूरी तरह से फिट नहीं किया गया है	ठीक से फिट करें
	बैटरी डिस्चार्ज हो गई है	बैटरी पैक चार्ज करें
असंतोषजनक दक्षता	चेन बेकार / घिस गयी है	ख़राब को नए से बदलें या तकनीशियन द्वारा पैना करवाएं
	चेन बहुत ज्यादा कसी गयी है	सॉ चेन को सही ढंग से कसने के लिए मैनुअल देखें
	हवा निकलने के लिए खुली जगह नहीं है	एयर वेंट को साफ करें
कंपन असामान्य है	पुर्जे ढीला कर दें	जांच करने के लिए उत्पाद को बंद करें
	क्षतिग्रस्त प्रणाली	मरम्मत के लिए अपने सर्विसिंग डीलर से संपर्क करें

कृपया बैटरी पैक और उत्पाद का सीरियल नंबर और खरीद की तारीख लिख लें। पुर्जे ऑर्डर करते समय और/या तकनीकी या वारंटी जानकारी लेते समय यह जानकारी आवश्यक है।

बैटरी पैक सीरियल नंबर: _____

उत्पाद का सीरियल नंबर: _____

खरीदने की तारिख: _____





निर्माण:
होंडा पावर प्रोडक्ट्स (फ़ूज़ौ) कंपनी लिमिटेड
पता: नंबर 7 होउयू रोड, जिनान जिला,
फ़ूज़ौ शहर, फ़ुज़ियान प्रांत, चीन।

© 2024 होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड
चीन में मुद्रित

42Y0KS00
00X42-Y0K-S000